हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

अष्टम् सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 71

मंगलवार, 24 मार्च, 2015/3 चैत्र, 1937(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

समय : 11.00 बजे (पूर्वाह्न)

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई ।

11.00 AM

1. **प्रश्नोत्तरः**

(I) **तारांकित प्रश्नः**

माननीय सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण तारांकित प्रश्न संख्या 1703 व 1706 के उत्तर सभा पटल पर रखे समझे गए। तारांकित प्रश्न संख्या 1705 का उत्तर दिया गया। तारांकित प्रश्न संख्या 1704, 1707, 1708, 1709, 1710 तथा 1711 के उत्तरों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा संबंधित मंत्रियों द्वारा उनके उत्तर दिए गए। तारांकित प्रश्न संख्या 1712 से 1727 तक के उत्तर संबंधित मंत्रियों द्वारा दिए गए समझे गए।

(II) **अतारांकित प्रश्नः**

अतारांकित प्रश्न संख्या 810 से 811 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

तारांकित प्रश्न संख्या 1709 पर श्री महेन्द्र सिंह द्वारा लम्बे अनुपूरक प्रश्न पूछने पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने कहा कि आप इतने लम्बे प्रश्न न पूछें बल्कि संक्षेप में प्रश्न करें। अगर आप किसी विषय पर चर्चा करना चाहते है तो आपको नियम के तहत चर्चा के लिए अलग से नोटिस देना चाहिए। प्रश्न काल बहस के लिए नहीं होता है। विपक्ष के माननीय सदस्य श्री जय राम ठाकुर व श्री रविन्द्र सिहं ने कहा कि इस प्रश्न को पूछने के लिए अन्य माननीय सदस्यों के नाम क्लब किये गए हैं। अतः इस प्रश्न को पूछने के लिए अधिक समय तो लगेगा। लेकिन माननीय अध्यक्ष महोदय के कहने पर कि प्रश्न काल में बहस नहीं होती बल्कि संक्षेप में प्रश्न किया जाना चाहिए। इस पर विपक्ष के सभी माननीय सदस्य 11.51 बजे पूर्वाह्न सदन से बहिर्गमन कर गए।

(11.55 बजे पूर्वाह्न विपक्ष के माननीय सदस्य वापिस सदन में उपस्थित हो गए।)

12-05 PM

2. सदन की समितियों के प्रतिवेदनः

1. **श्री कुलदीप कुमार, सभापति, प्राक्कलन समिति** (**वर्ष 2014-15**) ने समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखीः-

   (i) समिति का **10वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 8वें मूल प्रतिवेदन (ग्यारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2009-10) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **विद्युत विभाग** से सम्बन्धित है; और

   (ii) समिति का **11वां मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि प्रदेश में **लोक निर्माण विभाग** द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं/कार्यों की संवीक्षा पर आधारित है ।

2. **श्रीमती आशा कुमारी, सभापति, लोक उपक्रम समिति** (**वर्ष 2014-15**) ने समिति का **35वां मूल प्रतिवेदन** (**वर्ष 2014-15**) जोकि **हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम लिमिटेड** की गतिविधियों के समस्तरी अध्ययन पर आधारित है कि प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी।

3. **श्री खूब राम, सभापति, कल्याण समिति (वर्ष 2014-15)** ने समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखीः-

(i) समिति का **13वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 10वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2013-14) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** से सम्बन्धित है; और

(ii) समिति का **14वां मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि **जनजातीय विकास विभाग** से सम्बन्धित आश्वासनों की संवीक्षा पर आधारित है।

4. **श्री महेश्वर सिंह, सभापति, मानव विकास समिति (वर्ष 2014-15) ने** समिति का **12वां मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2014-15) जोकि **तकनीकी शिक्षा विभाग** की गतिविधियों पर आधारित है की प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी।

<u>12.07 PM</u>

3. <u>वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए बजट अनुमान-सामान्य चर्चाः</u>

निम्नलिखित ने चर्चा में भाग लियाः-

1. श्रीमती विद्या स्टोक्स, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री
2. श्री रणधीर शर्मा

(माननीय उपाध्यक्ष महोदय, 12.25 बजे अपराह्न पदासीन हुए)।

(**माननीय** खाद्य, **नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** ने कुछ बिन्दुओं पर हस्तेक्षप कर स्पष्टीकरण दिया)

(सदन की बैठक 1.00 बजे अपराहन दोपहर के भोजनावकाश के लिए 2.00 बजे अपराह्न तक स्थगित हुई)।

(सदन की बैठक माननीय उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में अपराह्न 2.00 बजे पुनः आरम्भ हुई)।

3. श्री रोहित ठाकुर, मुख्य संसदीय सचिव

4. श्री ईश्वर दास धीमान
5. श्री कुलदीप कुमार
6. श्री हंस राज

(श्री हंस राज के भाषण के दौरान अपराहन, 3.50 बजे माननीय अध्यक्ष महोदय पुनः पदासीन हुए)।

श्रीमती आशा कुमारी, सदस्य ने हस्तक्षेप कर स्पष्टीकरण दिया।

7. श्री नन्द लाल, मुख्य संसदीय सचिव
8. श्री इन्द्र सिंह
9. श्री रवि ठाकुर

(4.45 बजे सदन की अनुमति से माननीय सदन की बैठक 6.00 बजे अपराह्न तक बढ़ाई गई)

10. श्री विजय अग्निहोत्री
11. श्री किशोरी लाल
12. श्री सुरेश कुमार

(श्री सुरेश कुमार के भाषण के दौरान सांय 5.59 बजे माननीय सदन की बैठक 6.30 बजे तक बढ़ाई गई)

13. श्री मोहन लाल ब्राक्टा

सदन की बैठक अपराह्न 6.28 बजे बुधवार, दिनांक 25 मार्च, 2015 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई ।